आम प्रश्न

प्रयुक्त कुकिंग ऑयल के स्वास्थ्य को क्या खतरे होते हैं?

तलाई के दौरान टोटल पोलर कंपाउंड (टीपीसी) बनते हैं, जो कुछ सीमा से अधिक बनने पर मानव स्वास्थ्य के लिए असुरक्षित होते हैं। रिपोर्टों से ज्ञात हुआ है कि इन कंपाउंडों से कई रोग, यथा उच्च रक्त चाप, एथिरोस्कलरोसिस, एल्झीमियर रोग, लीवर रोग इत्यादि होते हैं।

प्रयुक्त कुकिंग ऑयल में टोटल पोलर कंपाउंड (टीपीसी) की क्या सीमा होती है?

खाद्य तेल में 25% से अधिक टीपीसी न हों। 25% से अधिक टीपीसी वाले खाद्य मानव उपभोग के लिए सुरक्षित नहीं होते।

खाद्य तेल में टोटल पोलर कंपाउंडों का अनुमान किस प्रकार लगाया जा सकता है?

खाद्य तेलों और वसाओं में टोटल पोलर कंपाउंडों का अनुमान सुस्थापित एओएसी ऑफिसियल पद्धति 982.27 का प्रयोग करके लगाया जा सकता है।

क्या खाद्य तेलों में टोटल पोलर कंपाउंडों का त्वरित अनुमान लगाने की कोई युक्ति है?

तेलों में तलाई के दौरान बने टोटल पोलर कंपाउंडों के त्वरित स्वस्थाने परीक्षण के लिए बाजार में हस्त्य उपकरण उपलब्ध हैं। इन युक्तियों का नियमित रूप से अंशांकन कराते रहना चाहिए और इनका प्रयोग केवल सांकेतिक परीक्षण के लिए करना चाहिए।

रुको (RUCU) क्या है?

पुनर्प्रयोजन प्रयुक्त कुकिंग ऑयल (RUCU) प्रयुक्त कुकिंग ऑयल का बॉयोडीजल बनाने के लिए एफ.एस.ए.ए.आई की एक पहल है, जिससे प्रयुक्त कुकिंग ऑयल के खाद्य श्रृंखला में प्रयोग पर रोक लगती है।

बॉयो डीजल बनाने वाला उत्पादक एफ.एस.एस.ए.आई के यहॉ कैसे पंजीकरण करा सकता है?

बॉयो डीजल उत्पादक यूको के संग्रहण के लिए एफ.एस.एस.ए.आई के पास पंजीकरण करा सकता है। यह पंजीकरण वह उसके आर.सी.डी डिविजन के पास निम्नलिखित प्रलेख जमा कराकर करा सकता हैः

- क. उद्योग विभाग और वाणिज्य/जिला उद्योग केंद्र (डीआईसी) द्वारा जारी किया गया लाइसेंस
- ख. पिछले वित्तीय वर्ष की वार्षिक विवरणी
- ग. इस कथन वाला शपथ–पत्र कि कंपनी बॉयो डाजल बनाने के लिए यूको का प्रयोग करती है।

यह अस्थायी पंजीकरण व्यवस्था पंजीकरण पत्र जारी होने के एक वर्ष तक अथवा पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा जारी राजपत्र अधिसूचना, दिनांक 30 अप्रैल, 2019, फाइल सं0 पी–13039(18)/1/2018–सीसी(P-26825) ''परिवहन प्रयोजन के लिए उच्च गति डीजल में मिलाने के लिए बॉयो डीजल की

बिक्री की मार्गदर्शिका–2019'' के खंड सं0 (xiv) के अनुसार राज्य/संघशासित क्षेत्र के अंतर्गत पंजीकरण प्रणाली बनने तक वैध होगी।

खाद्य कारोबारी अपने प्रयुक्त कुकिंग ऑयल का निपटान किस प्रकार कर सकते हैं?

खाद्य कारोबारी अपना प्रयुक्त कुकिंग ऑयल बॉयोडीजल मैन्युफैक्चरर्स द्वारा प्राधिकृत संग्रहण एजेंसियों अथवा एग्रीगेटरों को बेच सकते हैं। खाद्य कारोबारी संग्रहण एजेंसियों के संपर्क विवरण एफ.एस.एस.ए.आई की वेबसाइट https://fssai.gov.in/ruco/ से अथवा बॉयोडीजल उत्पादकों से संपर्क करके प्राप्त कर सकते हैं, जिनके विवरण एफ.एस.एस.ए.आई की वेबसाइट https://fssai.gov.in/ruco/enrolled/biodiesel/manufacturers.php पर उपलब्ध हैं।